# जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम (छ.ग.)

Email – empkabirdham@gmail.com, emp-kawardha.cg@nic.in


## :: दिनांक 22 व 23 जुलाई 2025 को 140 पदों हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन ::

कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से **जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में दिनांक 22 एवं 23 जुलाई 2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोप. 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है,** जिसमें दिनांक 22 जुलाई 2025 को **शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, तेलीबांधा चौक, रायपुर** द्वारा पद सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव (पु.) के 30 पद (शैक्ष.यो. कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, वेतनमान 8,300 से 32,500, आयुसीमा 22 से 42 वर्ष) एवं एग्रीकल्चर आफिसर (पु.) के 05 पद (शैक्ष.यो. कक्षा बी.एस.सी. कृषि संकाय से उत्तीर्ण, वेतनमान 14,000 से 28,000, आयुसीमा 24 से 30 वर्ष) तथा दिनांक 23 जुलाई 2023 को **एस.आर. हॉस्पिटल एड रिसर्च सेंटर, चिखली, पोस्ट जेवरा सिरसा, धमधा रोड, दुर्ग** द्वारा नर्सिंग स्टॉफ 30, फिल्ड आफिसर 10, पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन 02, इलेक्ट्रिशियन 04, ड्राईवर 05, ओ.टी. टेक्निशियन 03, एक्स–रे टेक्निशियन 03, ऑपथैलमिक टेक्निशियन 03, डायलिसिस टेक्निशियन 04, मेडिकल आफिसर 12, डेन्टिस्ट 02, फर्माशिष्ट 04, फिजियोथेरेपी 01, नर्सिंग सुप्रिटेन्डेन्ट 01, कम्प्यूटर ऑपरेटर 04, एकाऊटेंट 02, गार्ड 04, मल्टीपल वर्कर 05, कॉरपोरेट मैनेजर/टीपीए मैनेजर 02, प्लंबर 02 एवं जीएम मार्केटिंग 02 पदों पर भर्ती किया जाना है। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं आवश्यक अनुभव पद अनुसार पृथक–पृथक निर्धारित है। वेतन पद अनुसार पृथक–पृथक है, औसत रू0 8,000 से 80,000 तक है। आयुसीमा 18 वर्ष से 55 वर्ष तक है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो, ड्राईविंग लायसेंस व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिला रोजगार अधिकारी,
कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमशः 2 पर ..............

क्रमांक/ /जिरोस्वमादकेक/प्लेसमेंट कैम्प/2025/ /कवर्धा, दिनांक **16.07.2025**

**प्रति,**

सहायक संचालक,
जिला जनसंपर्क कार्यालय, कबीरधाम (छ.ग.)

**विषय :–** प्लेसमेंट कैम्प हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन बाबत्।

विषयान्तर्गत कृपया उक्त विज्ञप्ति, कबीरधाम जिले के युवाओं के सूचनार्थ/व्यापक हित हेतु स्थानीय एवं प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

**जिला रोजगार अधिकारी,**
**कबीरधाम (छ.ग.)**

**पृ0 क्रमांक/** /जिरोस्वमादकेक/प्लेसमेंट कैम्प/2025/ /कवर्धा, दिनांक **16.07.2025**
**प्रतिलिपि :–**

1. संचालक "रोजगार पक्ष", संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, ब्लॉक नं. 4, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, जिला रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला कबीरधाम को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कवर्धा, पण्डरिया, बोड़ला, स.लोहारा को सूचनार्थ। कृपया आपके कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर, इच्छुकों को सूचित करने का कष्ट करेंगे।
4. प्राचार्य, आचार्य पंथश्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (अग्रणी कॉलेज)/श्रीमती सुधा देवी मेमोरियल शासकीय नर्सिंग कॉलेज, कवर्धा/शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, महराजपुर, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा, पण्डरिया, बोड़ला, स.लोहारा/जिला परिवहन अधिकारी, कबीरधाम को सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञप्ति आपके कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर, इच्छुक छात्र–छात्राओं को उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने सूचित करने का कष्ट करेंगे।
5. सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज/सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, महराजपुर को सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञप्ति आपके कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर, प्रशिक्षित/प्रशिक्षणरत/इच्छुक छात्र–छात्राओं को उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने सूचित करने का कष्ट करेंगे।
6. संबंधित नियोजक........................................................................................ को सूचनार्थ। कृपया ऑफर लेटर एवं अपने सहयोगियों सहित नियत तिथि व समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**जिला रोजगार अधिकारी,**
**कबीरधाम (छ.ग.)**